# इंदौर एयरपोर्ट ने बनाया इतिहास, पहली बार 40 लाख यात्रियों का आंकड़ा पार

- 87 साल में सबसे ज्यादा यात्रियों ने इस साल किया हवाई सफर
- रात की उड़ानें बंद रहने के बाद भी बढ़ी आवाजाही

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए साल 2025 ऐतिहासिक बन गया है. इंदौर एयरपोर्ट के 87 साल के इतिहास में पहली बार यात्रियों की संख्या 40 लाख के पार पहुंची है. एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक, 1 जनवरी से 30 नवंबर 2025 के बीच 40 लाख 47 हजार 358 यात्रियों ने इंदौर से हवाई सफर किया.

एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि इस दौरान करीब 30 हजार उड़ानों का संचालन हुआ. औसतन रोजाना 11 हजार से ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की और करीब 82 फ्लाइट्स इंदौर से संचालित रहीं. नवंबर अकेला ऐसा महीना रहा, जिसमें 4 लाख 23 हजार यात्रियों ने यात्रा की और 2,973 उड़ानें चलीं, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है. रिकॉर्ड साल के बीच दिसंबर की शुरुआत में उड़ानों की रफ्तार जरूर धीमी हुई. 3 से 23 दिसंबर के बीच 250 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द भी हुईं. सबसे ज्यादा असर दिल्ली और मुंबई रूट पर पड़ा, जहां रोजाना 6 से 8 उड़ानें निरस्त होती रहीं. नवंबर में जहां औसतन ज्यादा उड़ानें चल रही थीं, वहीं दिसंबर के पहले पखवाड़े में यह संख्या घटकर करीब 79 उड़ान प्रतिदिन रह गई. एयरपोर्ट पर रनवे मरम्मत का काम चल रहा है, जिस वजह से रात 10.30 बजे से सुबह 6.30 बजे तक एयरपोर्ट बंद रहता है. इससे रात की उड़ानों का संचालन नहीं हो पा रहा है. फरवरी से रात की उड़ानें दोबारा शुरू होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे फ्लाइट्स की संख्या और बढ़ेगी.




### सितंबर में यात्रियों की संख्या घटी

सितंबर में यात्रियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई थी. उस माह 2,393 उड़ानों के जरिए 3 लाख 35 हजार 933 यात्रियों ने सफर किया, जबकि अगस्त में 2,500 उड़ानों से 3 लाख 61 हजार से ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की थी. यानी एक माह में 107 उड़ानें और करीब 25 हजार यात्रियों की कमी आई. पिछले सालों से तुलना करें तो 2023 में इंदौर एयरपोर्ट से 35.39 लाख यात्रियों ने सफर किया था, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 30.24 लाख रहा था. फिलहाल, इंदौर से देश-विदेश के 20 से ज्यादा शहरों के लिए सीधी उड़ानें संचालित हो रही हैं. ट्रैवल एजेंट्स ने बताया कि रात की उड़ानें बंद रहने के बावजूद यात्रियों की संख्या में इजाफा होना एविएशन सेक्टर, पर्यटन और स्थानीय व्यापार के लिए अच्छा संकेत है.

## विवेक सिंह के नेतृत्व में श्रीलंका में खेल रही इंदौर हाईकोर्ट टीम

इंदौर. 37वीं अभा एडवोकेट्स क्रिकेट स्पर्धा श्रीलंका के कोलंबो में हो रही है. स्पर्धा में भाग लेने के लिए इंदौर हाईकोर्ट की टीम घोषित कर दी गई है. टीम की कमान सीनियर एडवोकेट विवेक सिंह को सौंपी है. हाईकोर्ट एडवोकेट क्रिकेट एसो. के कोषाध्यक्ष सुधांशु व्यास ने बताया कोलंबो में स्पर्धा 28 दिसंबर तक स्पर्धा चलेगी. टीम में विवेक सिंह (कप्तान), गौरव छाबड़ा (उप कप्तान), सुधांशु व्यास, राकेश पालीवाल, शराफत खान, अच्युतानंद मालाकार, सोमिल एकड़ी, प्रणय जोशी, अंकुर उपाध्याय, राजेश सोनकर, सौरभ सोनकर, प्रबल जैन, तहजीब खान, सागर कसेरा और तन्मय गडकरी है. कोच पूर्व लोक अभियोजक विमल मिश्रा हैं.

एक नजर में

## पीएनबी का बचत खाता व चालू खाता खोलने का अभियान

इंदौर. पंजाब नैशनल बैंक इंदौर मंडल द्वारा इंदौर शहर एवं उसके आस पास स्थित विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, टाउनशिप, दूरस्थ क्षेत्रों आदि के रहवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बचत खाता एवं चालू खाता खोलने का अभियान 25 से 28 दिसंबर तक चलाया जाएगा. इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इंदौर मंडल प्रमुख अनिल कुमार अनल ने बताया कि इंदौर शहर में एवं उसके आस पास अनेक रहवासी क्षेत्र, टाउनशिप विकसित हो चुकी है किंतु उन्हें बैंकिंग सुविधा अपने आस पास उपलब्ध नहीं है. ऐसे रहवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजाब नैशनल बैंक के इंदौर मंडल द्वारा रहवासी क्षेत्रों में बचत खाता एवं चालू खाता खोलने के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं. 25 से 28 दिसंबर तक इस हेतु बैंक द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है. चूंकि ये चार दिन अवकाश के हैं अतः इन दिनों रहवासी अपने घरों पर उपलब्ध रहेंगे इसी को ध्यान में रखते हुए बैंक विशेष अभियान चला रहा है. खाता खोलने के इच्छुक लोग अपने आवश्यक दस्तावेज दे कर तत्काल खाता खोल सकते हैं. बैंक के अधिकारी और अन्य स्टॉफ लोगों की सुविधा हेतु कैंप स्थल पर उपलब्ध रहेंगे. खाता खोलने हेतु अपने रहवासी क्षेत्र में कैंप लगाने के इच्छुक रहवासी संघ बैंक के सपना संगीता रोड स्थित मंडल कार्यालय में मुख्य प्रबंधक रविन्द्र चंदेल से संपर्क कर सकते हैं.

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 115वां स्थापना दिवस



इंदौर. भारत के प्रथम पूर्ण स्वदेशी बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का 115वां स्थापना दिवस इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भव्य स्तर पर मनाया गया. इस विशेष अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख आरके सिंह ने की. इसके साथ ही कार्यक्रम में उपक्षेत्रीय प्रमुख प्रबोध जैन एवं सहायक महाप्रबंधक निशांत रंजन भी उपस्थित थे. क्षेत्रीय प्रमुख आरके सिंह ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्मिकों के साथ केक काटकर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया. समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को देश का पहला स्वदेशी बैंक होने का गौरव प्राप्त है. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर ने एक नई मिसाल पेश करते हुए अपने प्रमुख ग्राहकों को आमंत्रित किया और उन्हें सम्मानित किया. पिछले एक वर्ष में अपने कार्यों के प्रति समर्पण दिखाने वाले और बैंकिंग लक्ष्यों को समय पर पूरा करने वाले उत्कृष्ट कार्मिकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह ने डिजिटल बैंकिंग और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंक आधुनिक तकनीक के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देना जारी रखेगा.

## ब्रिजस्टोन ने किया नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर का उद्घाटन

इंदौर. ब्रिजस्टोन इंडिया ने अपने खेड़ा प्लांट में बने तितली उद्यान में नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया है. इससे पारिस्थितिकी संरक्षण और पर्यावरणीय शिक्षा को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी. यह नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर मिट्टी से बना एक इको-फ्रेंडली घर है. इसे इस तरह डिजाइन किया गया है जिससे जैव विविधता के बारे में सीखने में मदद मिले. इसे 3डी मॉडल्स, इंटरैक्टिव स्मार्ट बोर्ड और एक शैक्षणिक संसाधन क्षेत्र से लैस किया गया है. इस रिसोर्स एरिया में किताबें, हर्बेरियम और प्रशिक्षण के लिए जरूरी सामान उपलब्ध होंगे. इस सेंटर में वर्कशॉप, जागरूकता कार्यक्रम और सामुदायिक आयोजन किए जाएंगे, जिससे यह प्रकृति से संबंधित ज्ञान पाने का एक हब बनकर सामने आएगा. हाल ही में यहां स्थानीय स्कूलों के 70 से अधिक छात्रों को आमंत्रित किया गया था. छात्रों को जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण का व्यावहारिक अनुभव मिला.

## सनटेक एनर्जी ने सचिन तेंदुलकर से की साझेदारी

इंदौर. सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड जो अपने प्रमुख ब्रांड टूजोन सोलर के बैनर तले काम कर रही है, ने आज महान क्रिकेटर, ग्लोबल स्पोर्ट्स आइकन और परोपकारी व्यक्तित्व श्री सचिन तेंदुलकर के साथ एक रणनीतिक निवेश और दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की. यसाझेदारी टूजोन सोलर की विकास यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगी. इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए टूजोन सोलर के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक चरुगुंडला भवानी सुरेश ने कहा सचिन तेंदुलकर के साथ यह साझेदारी केवल एक निवेश नहीं. यह हमारे मूल्यों, सुशासन और दीर्घकालिक दृष्टि की पुष्टि करता है. टूजोन सोलर में उनका विश्वास एक भरोसेमंद, स्केलेबल और भविष्य के लिए तैयार सोलर उद्यम बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है. साथ मिलकर, हम क्लीन एनर्जी को देशभर के घरों, व्यवसायों और उद्योगों के लिए एक मुख्यधारा और जिम्मेदार विकल्प बनाने का लक्ष्य रखते हैं.

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल व ट्रेजर आयलैंड में क्रिसमस वंडरलैंड

इंदौर. इस फेस्टिव सीज़न में, नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेज़र आयलैंड मॉल अपने विज़िटर्स को एक जादुई दुनिया की सैर कराने के लिए तैयार हैं। मॉल ने 'क्रिसमस वंडरलैंड' की शुरुआत की है—एक ऐसा खास आयोजन, जिसे परिवारों और बच्चों की खुशियों, उत्साह और क्रिसमस के शानदार अनुभवों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. ट्रेज़र आयलैंड मॉल के सेंट्रल एट्रियम में सजा यह 'क्रिसमस वंडरलैंड' 19 दिसंबर से शुरू हो चुका है और पूरे एक महीने तक चलेगा. इस दौरान मॉल को एक बेहद खूबसूरत 'विंटर वंडरलैंड' का रूप दिया गया है. यहाँ आने वाले लोग आर्केड गेम्स, जादुई स्नोफॉल (बर्फबारी) और खास इग्लू (बबल हाउस) जैसे आकर्षणों का लुत्फ उठा सकेंगे. सबके लिए खुशियां, बेहद किफायती दाम में। इस अनुभव को हर किसी तक पहुँचाने के लिए एंट्री टिकट की कीमत मात्र 100 रुपये रखी गई है. क्रिसमस वंडरलैंड के साथ, ट्रेज़र आयलैंड मॉल इस सीज़न में शहर का सबसे पसंदीदा 'फेस्टिव डेस्टिनेशन' बन गया है.

## लौट रही है 'नागिन' 27 दिसंबर को

इंदौर. जियोस्टार और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स 27 दिसंबर 2025 को 'नागिन 7' पेश कर रहे हैं. साल का अंत एक धमाकेदार अंदाज में करते हुए, 2025 का यह सबसे बड़ा फैंटेसी ड्रामा स्क्रीन पर दस्तक दे रहा है, जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी टेलीविजन पर सबसे प्रतीक्षित वापसी कर रही हैं. सर्प रानी की पौराणिक विरासत को संभालते हुए, वह सिंहासन पर दावा पेश करेंगी और नागिन-वर्स को इसके अगले ऐतिहासिक अध्याय में ले जाएंगी. नागिन 7 का प्रीमियर 27 दिसंबर को होगा और यह हर शनिवार-रविवार रात 8 बजे केवल कलर्स और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगा. आलोक जैन, जियोस्टार ने कहा नागिन लंबे समय से टेलीविजन से ऊपर उठकर एक सांस्कृतिक घटना बन चुका है. नागिन 7 के साथ, हम जियोस्टार में भारत की सबसे प्रतिष्ठित फैंटेसी फ्रेंचाइजी में से एक को वापस लाने पर गर्व महसूस कर रहे हैं. यह शो पुरानी यादों और नए बदलावों के बीच सही संतुलन बनाता है. इस सीजन में हमने एक ऐसा अध्याय देने के लिए रचनात्मक और तकनीकी सीमाओं को आगे बढ़ाया है.



## एक साथ 23 लघु पुस्तकों का विमोचन

इंदौर. कहानीकार जितेन्द्र शिवहरे की एक कविता, एक व्यंग, दो लघुकथा, एक हास्य कविता, दो गीत संग्रह एवं सोलह कहानी संग्रह सहित 23 लघु पुस्तकों का विमोचन दादा साहब मोघे हाल में साहित्यकार मुकेश इन्दौरी के आतिथ्य में किया गया.

मुकेश इन्दौरी ने कहा कि इन लघु पुस्तकों में जीवन से जुड़े तमाम सामाजिक विषयों पर कहानियों एवं रचनाओं का समावेश है. कहानियों के माध्यम से समाज की विसंगतियों को दूर करने का सार्थक प्रयास किया गया है. इन रचनाओं को सकारात्मक चिंतन के साथ रचा गया है. कृतिकार जितेन्द्र शिवहरे ने कहा की इन रचनाओं का सृजन कोरोना काल से चल रहा था. इन संग्रहों में विविध विषयों पर रचनाओं का सृजन किया है. इस अवसर पर कविसम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें 30 से अधिक कवि शायरों ने काव्य पाठ किया. कार्यकम में कई सुधी श्रोता उपस्थित थे.

# कॉलोनियों में वॉटर रिचार्जिंग और विकास कार्य पूरा नहीं

- कॉलोनी सेल की बैठक में खुलासा, रोकी अनुमतियां

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कॉलोनी सेल की बैठक में कई कॉलोनियों के कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र रोके गए. साथ ही विकास अनुमति को लेकर भी कॉलोनाइजर के साथ सर्वे को लेकर चर्चा हुआ. कार्यपूर्णता प्रणाम पत्र जारी नहीं करने का कारण यह बताया जा रहा है कि मौके पर सड़क, पानी, ड्रेनेज और जल संवर्धन का कार्य पूरा नहीं किया गया.

आज लंबे समय बाद कलेक्टर कार्यालय में कॉलोनी सेल विभाग की बैठक हुई. बैठक में 20 से ज्यादा कॉलोनाइजर मौजूद थे. बैठक में कॉलोनियों की विकास अनुमति और कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के बिंदु मुख्य थे. बैठक में 7 कॉलोनियों की विकास अनुमति को लेकर चर्चा हुई, जिसमे कॉलोनाइजरों को विभाग द्वारा निरीक्षण में खामियों से अवगत करवाया गया. साथ कॉलोनाइजर्स को निर्देश जारी किए गए हैं कि खामियां पूरी करने तक अनुमति जारी नहीं होगी. इसी तरह 13 कॉलोनियों में कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने का मुद्दा भी उठाया गया. कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र को लेकर कॉलोनी सेल के अधिकारियों ने कॉलोनियों के प्रतिनिधि और मालिकों को बताया कि मौके पर सड़क, पानी, ड्रेनेज लाइन का कार्य पूरा नहीं हुआ है. कॉलोनियों में वाटर रिचार्जिंग की सॉफ्ट नहीं डाली गई है. कॉलोनी में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम किए बगैर प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा.



### कॉलोनाइजर्स को बताई खामियां

कॉलोनी सेल प्रभारी और एसडीएम प्रदीप सोनी ने बताया कि आज 20 कॉलोनाइजर्स के साथ बैठक हुई है. बैठक में कॉलोनी में खामियां कॉलोनाइजर्स के बताई गई है. कमियों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई पर विचार करने का कहा है.



# फल बाग के पास जल संग्रहण केन्द्र से पश्चिम क्षेत्र को मिलेगी पानी की राहत

- महापौर ने संपवेल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र में नगर निगम द्वारा जल संग्रहण केन्द्र बनाया जा रहा है. उक्त जल संग्रहण केन्द्र की क्षमता 3 करोड़ लीटर पानी एकत्रित करने की है. इसके निर्माण पर नगर निगम 18 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है. आज महापौर ने उक्त सैंपवेल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया.**

पश्चिम क्षेत्र की अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी, राजेंद्र नगर, प्रगति नगर ऊंचाई पर स्थित होने से पेयजल टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भर पाती हैं. इसी को ध्यान में रखकर शहर में भविष्य की जल व्यवस्था को मजबूत करने के नगद निगम द्वारा विशेष जल संग्रहण केन्द्र बनाए जा रहे हैं. बीजलपुर में आगराङ्कमुंबई रोड के पास स्थित फल बाग में निगम संपवेल (जल संग्रहण केन्द्र) बना रहा है. उक्त संपवेल में लगभग 3 करोड़ लीटर से अधिक जल का संग्रहण संभव होगा. आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा निर्माणाधीन संपवेल (जल संग्रहण केंद्र) का स्थल निरीक्षण किया गया. यह संपवेल लगभग राशि 18 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जा रहा है. निरीक्षण के दौरान जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा , पार्षद ओ.पी. आर्य, कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव, कंसल्टेंट, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे.



### वैकल्पिक समाधान होगा

महापौर भार्गव ने बताया कि वर्तमान में अमृत प्रोजेक्ट 2.0 तथा नर्मदा जल प्रदाय योजना के चौथे चरण के पूर्ण होने में अभी समय लगेगा. ऐसे में पश्चिम क्षेत्र में जल प्रदाय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह संपवेल एक वैकल्पिक समाधान होगा. संपवेल से संग्रहित जल को ऊंचाई पर स्थित लगभग 10 पेयजल टंकियों तक पहुंचाया जाएगा. इससे क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को नियमित एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा.

# आरई 2 रोड निर्माण में बाधक हटाएं, रहवासियों को शिफ्ट करें

- आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश
- शहर के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**इंदौर.** नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों एवं प्रस्तावित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान अपर आयुक्त अर्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने झोन क्रमांक 18 अंतर्गत कृषि कॉलेज के समीप प्रस्तावित सिटी बस डिपो स्थल का अवलोकन किया. अधिकारियों ने जानकारी दी कि यहां 120 से अधिक इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन हेतु आधुनिक बस डिपो का निर्माण प्रस्तावित है. उक्त डिपो में बसों की पार्किंग के साथ-साथ चार्जिंग स्टेशन सहित आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाएं विकसित की जाएंगी. निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने भूरी टेकरी से नायता मुंडला बस स्टैंड के मध्य निर्माणाधीन आर ई 2 सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया. उन्होंने सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं का जायजा लेते हुए भूरी टेकरी के समीप मार्ग में बाधक शासकीय क्वार्टर को हटाने के निर्देश दिए. साथ ही सड़क मार्ग में बाधक बस्ती के रहवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराकर चरणबद्ध रूप से स्थानांतरित (शिफ्ट) करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि सड़क निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके.



### समय सीमा में पूर्ण करें कार्य

आयुक्त ने नायता मुंडला स्थित नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने निर्माणाधीन सिविल कार्यों एवं इलेक्ट्रॉनिक बसों के लिए बनाए जा रहे चार्जिंग स्टेशन के कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया. आयुक्त ने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए.

# किसानों से भू-अर्जन की प्रक्रिया समयसीमा में पूर्ण करें

**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में पूर्वी-पश्चिम बायपास रोड संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में इंदौर जिले के सभी एसडीएम, एमपीआईडीसी, एनएचएआई के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने पूर्वी-पश्चिम बायपास निर्माण संबंधित प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के पूर्व सभी मार्गों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है. किसानों से भू-अर्जन की प्रक्रिया समयसीमा में पूर्ण करायी जाये. इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड रोड के साथ मूसाखेड़ी फ्लाईओव्हर, अर्जुन बड़ौदा फ्लायओव्हर, एमआर-10 ब्रिज आदि निर्माण कार्यों पर भी चर्चा हुई. बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे.



## एप्लास्टिक एनीमिया: रोग की पैथोफिजियोलॉजी एवं होम्योपैथिक दृष्टिकोण पर कोलकाता में डॉ. द्विवेदी का व्याख्यान

- 26 से 28 दिसंबर तक होगा आयोजन

इंदौर. होम्योपैथिक चिकित्सा की देश की शीर्ष एवं प्रतिष्ठित संस्था होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह-2025 का आयोजन सिटी ऑफ जॉय कोलकाता में 26 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है. इस ऐतिहासिक अखिल भारतीय सम्मेलन में देशभर से लगभग 5000 होम्योपैथिक चिकित्सक, अनुसंधानकर्ता एवं छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे.

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में इंदौर के वरिष्ठ, अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त होम्योपैथिक चिकित्सक, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (फिज़ियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री), एस.के.आर.पी. गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंदौर डॉ. ए.के. द्विवेदी को बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया है. डॉ. द्विवेदी सम्मेलन के दूसरे दिन 27 दिसंबर को दोपहर 3.30 से 5 बजे के मध्य हॉल नंबर-6 में



एप्लास्टिक एनीमिया: रोग की पैथोफिज़ियोलॉजी एवं होम्योपैथिक दृष्टिकोण विषय पर अपना वैज्ञानिक व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे. अपने संबोधन में डॉ. द्विवेदी एप्लास्टिक एनीमिया एवं हायपोप्लास्टिक बोन मैरो डिसऑर्डर जैसे गंभीर रक्त विकारों की रोग-प्रक्रिया, उनके होम्योपैथिक प्रबंधन, दीर्घकालीन नैदानिक अनुभव तथा शोध आधारित निष्कर्षों पर प्रकाश डालेंगे. इसी सम्मेलन में एस.के.आर.पी. गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंदौर के प्राचार्य डॉ. एस.पी. सिंह भी बतौर वक्ता सहभागिता करेंगे. उनका व्याख्यान प्राथमिक हाइपोथायरॉयडिज़्म के होम्योपैथिक प्रबंधन तथा थायरॉयड एट्रॉफी की रोकथाम में थायरॉयडिनम की प्रभावशीलता पर आधारित केस रिपोर्ट पर केंद्रित रहेगा.

एक नजर में | पर्यावरण विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

# इंदौर में हरित क्षेत्र बढ़ाने की विस्तृत कार्ययोजना बनाने की जरूरत

**इंदौर. दिल्ली समेत उत्तर-भारत में उत्पन्न, गंभीर पर्यावरण संकट इंदौर के लिए भी एक आसन्न चुनौती है. विकास जरूरी है पर उसे सतत, समावेशी एवं पर्यावरण सम्मत बनाना होगा. इस हेतु सुस्पष्ट नीतियां एवं जन सहभागिता जरूरी है.**

डेवेलपमेंट फाउंडेशन द्वारा अभय प्रशाल स्थित होल्कर ज्ञान मंडपम में 'वर्तमान परिदृश्य में पर्यावरण की चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित विचारङ्कविमर्श में विशेषज्ञ वक्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने चिंता प्रकट करते हुए ठोस सुझाव भी दिए. कार्यक्रम में पीएचडी स्कॉलर डॉ नेहा कोराने धामेचा ने अपने शोध के निष्कर्ष साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बरगद, पीपल, आम और सप्तपर्णी जैसे कई वृक्षों के पर्यावरण पर प्रभाव पर अध्ययन किया है. शोध में यह सामने आया कि इन सभी में बरगद एवं पीपल जैसे परंपरागत वृक्ष तापमान नियंत्रित करने में सबसे अधिक प्रभावी हैं और आसपास के वातावरण को ठंडा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं. इन्दौर के कम हरित क्षेत्रों में बेहतर हरित क्षेत्रों की तुलना में 6-8 डिग्री तक अधिक तापमान पाया गया है. मुख्य वक्ता पर्यावरणविद डॉ. ओ पी. जोशी ने कहा कि इंदौर में मात्र 9 प्रतिशत हरित क्षेत्र अत्यंत संकट पूर्ण शहरीकरण का द्योतक है. 30 लाख की आबादी में इतने ही वाहन हैं जो प्रदूषण फैला रहे हैं. उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि सड़कों और डिवाइडरों पर केवल सजावटी पौधे लगाने के बजाय पारंपरिक और जीवन मूल्यों को बढ़ाने वाले वृक्ष लगाए जाएँ.



### विशेषज्ञों से ली जानी चाहिए सलाह

पर्यावरणविद डॉ किशोर पवार ने कहा कि इंदौर में व्यापक पर्यावरण कार्ययोजना बनाने के लिए विशेषज्ञों की सलाह ली जानी चाहिए. कार्यक्रम अध्यक्ष सीबी सिंह ने कहा कि विकास योजनाओं का पर्यावरण सम्मत होना अनिवार्यता बन चुकी है. फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी आलोक खरे ने बताया कि पूर्व चर्चाओं के आधार पर शासन को सुझाव दिए गए हैं और इसे सतत रूप से किया जाएगा. डॉ जयश्री सिक्का, डॉ गोतम कोठारी, डॉ शंकर लाल गर्ग,पत्रकार नेहा जैन, डॉ राम गुलाम राजदान, सुनील व्यास, डॉ दिलीप वाघेला ने भी सम्बोधित किया। संचालन श्याम पांडे ने किया. आभार रामेश्वर गुप्ता ने माना. प्रारंभ में मनोहर देव, किर्ति यादव, रंजना नाईक, प्रणिता दीक्षित, प्रो असद खान, राजू सैनी संदीप खानविलकर, डीसी पाटीदार, नरेश मुंदड़ा आदि ने स्वागत किया.